नकबजनी का प्रयास करने वाले आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 18 जुलाई। थाना बैराड़ क्षेत्र के परिहार धर्मशाला में नकबजनी का प्रयास करने वाले चार अज्ञात आरोपियों को बैराड़ पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

फरियादी करण पुत्र फोशू परिहार, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम कालामढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 15 जुलाई 2025 की रात्रि करीब 10:30 बजे वह परिहार धर्मशाला, बैराड़ में चौकीदार के रूप में सोने गया था। जब उसने धर्मशाला का ताला खोलकर अंदर प्रवेश किया, तो देखा कि कमरे का दरवाजा खुला हुआ था और लाइट जल रही थी। कमरे में रखे गेहूं और प्याज से भरे कट्टों को चार अज्ञात बदमाश चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। आवाज देने पर चारों बदमाश भाग निकले। पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 232/25 धारा 305(ए), 331(4), 62 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की।

इस प्रकरण में कार्यवाही करते हुए बैराड़ थाना प्रभारी निरीक्षक रविशंकर कौशल द्वारा त्वरित टीम गठित की गई, जिसमें सौरभ जाटव (निवासी गाजीगढ़), सोनू खां (भदेरा), आकाश कडेरे (बरौद रोड, बैराड़), और पंकज बाथम (भदेरा, बैराड़) को चिन्हित कर दिनांक 17 जुलाई 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस सराहनीय कार्य में निरीक्षक रविशंकर कौशल, सहायक उपनिरीक्षक सतेंद्र भदौरिया, प्रधान आरक्षक 947 इकबाल अहमद, आरक्षक 811 रवींद्र धाकड़, आरक्षक 875 ज्ञान सिंह रावत, आरक्षक 343 मनोज धाकड़, आरक्षक 1101 चैतन, चौकी आरक्षक 72 मनीष परिहार, महिला आरक्षक 553 निशा गौड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

देशी कट्टा व जिंदा राउंड के साथ आरोपी गिरफ्तार, बैराड़ पुलिस की कार्यवाही

थाना प्रभारी निरीक्षक रविशंकर कौशल को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अपराध की नीयत से ग्राम बरोद रोड सामुदायिक भवन के पास घूम रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी सौरभ जाटव पिता रामलखन जाटव, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम गाजीगढ़ थाना गोवर्धन को पकड़ा। उसके कब्जे से एक देशी हाथ का बना कट्टा एवं दो जिंदा राउंड (कुल कीमत लगभग 5000) बरामद किए गए। इस पर थाना बैराड़ में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 235/2025, धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्यवाही में उनि. धर्मेंद्र शिवहरे, सउनि. सतेन्द्र सिंह भदौरिया, आरक्षक 817 रविंद्र धाकड़, आरक्षक 150 अतर सिंह, आरक्षक 875 ज्ञान सिंह एवं चालक 75 मनीष की सराहनीय भूमिका रही।

लगातार बारिश से खेती पर असर : कृषि विभाग ने किसानों को दी वैकल्पिक फसलों और सावधानियों की सलाह

उपसंचालक करोरिया ने दी बोनी, जलनिकासी और खरपतवार नियंत्रण पर महत्वपूर्ण जानकारी

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 18 जुलाई। जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते कई किसानों को समय पर बोनी करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देश पर कृषि उपसंचालक पीएस करोरिया ने किसानों को महत्वपूर्ण सुझाव जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने अब तक बोनी नहीं की है, वे 25 जुलाई तक जेएस-9560 और जेएस-2034 जैसी जल्दी पकने वाली सोयाबीन की किस्मों की बोनी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त तिल, मूंग और उड़द जैसी अल्प अवधि वाली फसलों की बोनी भी इस समय लाभकारी रहेगी। पूर्ण मेड़ पद्धति से बोनी करने की सलाह दी गई है, जिससे जलभराव की स्थिति में फसल को नुकसान से बचाया जा सके। वहीं जिन खेतों में मूंगफली, मक्का या सोयाबीन की बोनी पहले ही की जा चुकी है, वहाँ जल निकासी की समुचित व्यवस्था अत्यंत आवश्यक बताई गई है।

खरपतवार नियंत्रण के लिए बोनी के 20 से 25 दिन बाद खरपतवारनाशी दवाओं का वैज्ञानिक पद्धति से उपयोग करने की सलाह दी गई है। दवाओं का मिश्रण बिना विशेषज्ञ सलाह के न करने और निर्धारित मात्रा में पानी के प्रयोग की बात भी कही गई है। उद्यानिकी फसलों के विकल्प के रूप में अजवाइन की खेती की भी अनुशंसा की गई है। यदि बारिश के चलते जुलाई माह में बोनी नहीं हो पाती है, तो सितंबर में तौरिया व सरसों की जल्दी बोनी करके दिसंबर में रबी की लेट फसलें और धनिया भी ली जा सकती हैं।

लगातार बारिश के चलते सभी 2442 आंगनवाड़ी केंद्रों में आज रहेगा अवकाश

शिवपुरी। जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार शिवपुरी जिले के सभी 2442 आंगनवाड़ी केंद्रों में आगामी शनिवार, 19 जुलाई को अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा किशोरी बालिकाओं के लिए लागू रहेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी डी.एस. जादौन ने बताया सेक्टर पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) पूर्ववत भ्रमण एवं पर्यवेक्षण कार्य करते रहेंगे।

विधायक यादव ने मॉडल स्कूल में वितरित की साइकिलें

शिवपुरी। शासकीय मॉडल स्कूल बदरवास में शुक्रवार को आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई, जब उन्हें अपने अध्ययन के लिए नि:शुल्क साइकिलें मिलीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं के 48 और कक्षा 6वीं के 12 विद्यार्थियों को साइकिलों का वितरण किया गया। विधायक यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं बच्चों के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही हैं। साइकिल मिलने से बच्चों का समय बचेगा, जिससे वे पढ़ाई में अधिक समय दे सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत कर माता-पिता और गुरुओं का नाम रोशन करने का आह्वान किया। वद्यालय के प्राचार्य राकेश शर्मा ने पुष्पमालाएं भेंट कर विधायक का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शासन की योजनाएं स्कूल में सफलतापूर्वक लागू की जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों को कई लाभ मिल रहे हैं। कार्यक्रम में बीआरसी बदरवास अंगद सिंह तोमर, जन शिक्षक, बीएससी एवं स्कूल स्टाफ सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कोलारस भाजपा मंडल में जैन व सोलंकी बने महामंत्री

नवभारत न्यूज
कोलारस, 18 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव की सहमति से कोलारस भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगल कुशवाह ने अपने मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें कोलारस मंडल महामंत्री के पद पर युवा वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक जैन (लाइट वालों) एवं नवल सिंह सोलंकी को महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है महामंत्री बनने पर दीपक जैन नवल सिंह सोलंकी ने भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त कर कहा कि पार्टी ने हमें जो जिम्मेदारी सोपी है उस पर हम खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे और पार्टी के हित में कार्य करते रहेंगे दीपक जैन नवल सिंह सोलंकी को भाजपा मंडल कोलारस की कार्यकारिणी में महामंत्री बनने पर कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव जनपद पंचायत अध्यक्ष भरत सिंह चौहान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे समाजसेवी चंदू श्रीवास्तव शंकर लाल रावत वरिष्ठ भाजपा नेता पदम जैन विपिन खेमरिया ओपी भार्गव पवन शिवहरे पूर्व जन भागीदारी समिति अध्यक्ष जगदीश जादौन मनोज जैन अमर जैन मनीष दरबारी श्रीराम गौड नगर परिषद उपाध्यक्ष रोहित वैश्य हरिओम श्रीवास्तव संतोष तिवारी राम सडैया सोनू जैन देवेंद्र गर्ग परमेंद्र गुड्डा राव हप्पू सिंघल सरपंच पप्पू खंगार प्रताप भानु जाट दीपक वत्स विपिन मित्तल अरुण शर्मा प्रबल जैन प्रवीण कटारे मुकेश बैरागी दीपक भार्गव हरिसिंह यादव अजय दागी इरशाद ख़ान काँजी प्रदीप त्यागी विधानसभा मीडिया प्रभारी अनंत सिंह जाट सहित समस्त भाजपा नेताओं ने बधाई दी है।

अमोला पुलिस की बड़ी कार्रवाई : बोलेरो वाहन व 11 पेटी देशी शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
कोलारस, 18 जुलाई। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस करैरा एस.एन. मुकाती के निर्देशन में थाना अमोला पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। नशा मुक्ति अभियान के तहत अमोला थाना पुलिस ने बोलेरो वाहन में परिवहन की जा रही देशी प्लेन शराब की 11 पेटी (550 क्वार्टर, कुल 99 बल्क लीटर) जप्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 5,45,000 आंकी गई है।

थाना प्रभारी उप निरीक्षक अंशुल गुप्ता को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बोलेरो वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब परिवहन की जा रही है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी उप निरीक्षक अंशुल गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने अमोलाक्रेशर छान रोड तिराहा पर बोलेरो वाहन (क्रमांक यूपी85क्यू0080) को रोका। तलाशी में 11 पेटी देशी प्लेन शराब बरामद हुई, जिसकी बाजार कीमत लगभग 45,000 आँकी गई, वहीं बोलेरो वाहन की कीमत 5 लाख आँकी गई।

इस मामले में गिरफ्तार आरोपी 1. रामकुमार लोधी पुत्र पर्वत सिंह लोधी, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम दुल्हई, थाना भौती, जिला शिवपुरी 2. बीरन लोधी पुत्र हरीराम लोधी, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम सलैया, थाना अमोला, जिला शिवपुरी के विरुद्ध थाना अमोला में अपराध क्रमांक 176/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक अंशुल गुप्ता के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में सउनि हरदयाल जोशी, सउनि सतीष जयंत, सउनि बासुदेव प्रसाद, आरक्षक हीरेन्द्र (984), रामनरेश राठौर (979), रविन्द्र शाक्य (1040), बृजराज सिंह (98), संजीव श्रीवास्तव (732), संतोष पाठक (517), एल. मदुरिया (519), और नीतेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

ई-केवाईसी व आधार सीडिंग में लापरवाही पर सीईओ हिमांशु जैन की बड़ी कार्रवाई, 9 पंचायत सचिव निलंबित

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 18जुलाई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा जिला पंचायत शिवपुरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन द्वारा की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी के कार्यों में 9 ग्राम पंचायतों की प्रगति अत्यंत न्यून स्तर पर पाई गई।

सीईओ हिमांशु जैन ने समीक्षा बैठक में संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों से कार्यों में प्रगति कम होने का कारण पूछा, किंतु संतोषजनक उत्तर न मिलने पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से इन सचिवों को निलंबित करते हुए उन्हें जिला पंचायत मुख्यालय में अटैच किया।

निलंबित सचिवों में जनपद पंचायत खनियाधाना की ग्राम पंचायत अमुहाय के सचिव ललित कुमार, ग्राम पंचायत बघारी के सचिव चन्द्रपाल सिंह परमार, ग्राम पंचायत पातीचक के सचिव बृजभान सिंह यादव, ग्राम पंचायत हरथोन के सचिव संजीव राय, ग्राम पंचायत गताझलकुई के सचिव जीवन सिंह यादव, जनपद पंचायत बदरवास की ग्राम पंचायत विजयपुरा के सचिव दिनेश रघुवंशी, ग्राम पंचायत अगरा के सचिव आनंद यादव, जनपद पंचायत पिछोर की ग्राम पंचायत बडेरा के सचिव श्रीकृष्ण झा एवं ग्राम पंचायत बदरवास के सचिव रतीराम पाल शामिल हैं।

केतकी के फूल को भगवान शिव पर चढ़ाना वर्जित : आचार्य

नवभारत न्यूज
कोलारस, 18 जुलाई। कोलारस के ग्राम देहरदा सड़क पर चल रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर पर आचार्य दिनेशचंद्र भारद्वाज (बनारस वाले)के मुखारविंद से भक्तों को रसपान कराया जा रहा है। श्रोताओं को शिव महापुराण कथा का रसपान कराते हुए तीसरे दिन आचार्य ने बताया कि

एक बार ब्रह्माजी और भगवान विष्णु में विवाद हो गया कि दोनों में कौन अधिक बड़े हैं। विवाद का फैसला करने के लिए भगवान शिव को न्यायकर्ता बनाया गया।भगवान शिव की माया से एक ज्योतिर्लिंग प्रकट हुआ। भगवान शिव ने कहा कि ब्रह्मा और विष्णु में से जो भी ज्योतिर्लिंग का आदि-अंत बता देगा, वह बड़ा कहलाएगा। ब्रह्माजी ज्योतिर्लिंग को पकड़कर आदि पता करने नीचे की ओर चल पड़े और विष्णु भगवान ज्योतिर्लिंग का अंत पता करने ऊपर की ओर चल पड़े। जब काफी चलने के बाद भी ज्योतिर्लिंग का आदि-अंत पता नहीं चल सका तो ब्रह्माजी ने देखा कि एक केतकी फूल भी उनके साथ नीचे आ रहा है। ब्रह्माजी ने केतकी के फूल को बहला-फुसलाकर झूठ बोलने के लिए तैयार कर लिया और भगवान शिव के पास पहुंच गए।ब्रह्माजी ने कहा कि मुझे ज्योतिर्लिंग कहां से उत्पन्न हुआ, यह पता चल गया है। लेकिन भगवान विष्णु ने कहा कि नहीं, मैं ज्योतिर्लिंग का अंत नहीं जान पाया हूं। ब्रह्माजी ने अपनी बात को सच साबित करने के लिए केतकी के फूल से गवाही दिलवाई, लेकिन भगवान शिव ब्रह्माजी के झूठ को जान गए और ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया।

इसलिए ब्रह्माजी पंचमुख से चार मुख वाले हो गए।केतकी के फूल ने झूठ बोला था जिसके कारण भगवान ने केतकी के फूल को श्राप दिया। इसलिए भगवान शिव ने इसे अपनी पूजा से वर्जित कर दिया। तत्पश्चात आरती बंदना के बाद प्रसादी वितरण किया गया।

उत्कर्ष भार्गव बने भाजपा पुरानी शिवपुरी मंडल के मीडिया प्रभारी

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 18जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के पुरानी शिवपुरी मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा के द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव से अनुमोदित नगर मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा गत दिवस की गई जिसमें संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत उत्कर्ष भार्गव को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा की ओर से जारी सूची में भार्गव का नाम मीडिया प्रभारी के रूप में घोषित किया गया। उत्कर्ष भार्गव लंबे समय से पार्टी से जुड़े हैं और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं। उन्हें मीडिया समन्वय और जनसंपर्क में अनुभव है, जिससे पार्टी की योजनाएं और गतिविधियां आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेंगी। अपने इस मनोनयन पर उत्कृर्ष भार्गव ने मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया और विश्वास दिलाया कि मीडिया के क्षेत्र में वह पार्टी की रीति-नीति अनुसार कार्य करेंगें और नगर मंडल के कार्यों के प्रचार-प्रसार में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगें। बताना होगा कि मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज भार्गव के पुत्र उत्कृर्ष भार्गव है जो लगातार मीडिया में सक्रिय रूप से कार्यरत रहते है। मंडल पुरानी शिवपुरी के मीडिया प्रभारी बनने पर उत्कृर्ष भार्गव को उनके परिजन, शुभचिंतक, भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता सहित नगरवासियों ने बधाईयां दी है।

इनर व्हील क्लब प्राइड ने मेडिकल कॉलेज को भेंट किया स्ट्रेचर, अधिष्ठाता बोले - दान वही जो करुणा और त्याग से हो

शिवपुरी। श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, शिवपुरी को समाजसेवी संस्था इनर व्हील क्लब शिवपुरी प्राइड द्वारा चलने-फिरने में असमर्थ मरीजों के लिए स्ट्रेचर भेंट किए गए। यह सहयोग जरूरतमंदों की सुविधा के लिए प्रदान किया गया, जिसे कॉलेज प्रशासन ने सराहनीय बताया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज अधिष्ठाता डॉ. डी. परमहंस, चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. आशुतोष चौऋषि, कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश अहिरवार, क्लब अध्यक्ष विजया चौहान, सचिव स्वाति वर्मा, डॉ. सुनीता गौड़, समाजसेवी अल्पा सांखला, नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतु चतुर्वेदी, प्रिया अरोड़ा, डॉ. उर्वशी राजपूत, डॉ. आनंद राजपूत, डॉ. दिव्यांश गुप्ता, सहायक पीआरओ राहुल अष्ठाना सहित अन्य क्लब सदस्य एवं मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे। अधिष्ठाता डॉ. डी. परमहंस ने कहा, आप सभी क्लब सदस्यों ने कॉलेज को परिवार की तरह समझकर सेवा का जो भाव प्रकट किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। दानशील वही होता है जो करुणावान, त्यागी और सत्कर्मी हो। सच्चे दान में कभी भी बदले में उपकार पाने की भावना नहीं होती। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में ऐसे लोगों की आवश्यकता है जो निस्वार्थ भाव से आगे आकर चिकित्सा संस्थानों में सहायता करें।

पहल विधायक सुदेश राय की नाराजगी के बाद सड़क की मरम्मत का कार्य हुआ प्रारंभ

सड़क पर गड्ढों की भरमार देख नाराज हुए विधायक

नवभारत न्यूज
सीहोर. बरखेड़ा खरेट सड़क पर गड्ढे देखे तो विधायक सुदेश राय नाराज हो गए गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने घटिया सड़क को लेकर शिकायतों का पुलिंदा ही खोल दिया. जिसके बाद विधायक सुदेश राय की नाराजगी देखते ही देखते गुस्से में बदल गई और उन्होंने मौके से ही मोबाईल पर प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारी को फटकार लगा दी.

विधायक के तेवर देखकर घबराया हुआ अधिकारी मौके पर बजरी मुरम से भरा डंपर लेकर पहुंच गया और दोराहा नहर से बरखेड़ा खरेट तक की सड़क पर हुए गड्ढों को बजरी मुरम डालकर समतल कर दिया. विधायक राय के तत्कालिक एक्शन से ग्रामीण भी चकित हो गए. पूरा मामला शुक्रवार दोपहर का है विधायक सुदेश राय विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के भ्रमण पर थे इस दौरान उन्होंने अपने ड्रायवर को बरखेड़ा खरेट चलने के लिए निर्देशित किया. कुछ ही दूर चलने पर कुछ साल पहले ही बनाई की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क पर हुए गहरे गड्ढों के कारण उनका वाहन अनियंत्रित होने लगा. बताया जाता है कि इस सड़क को लेकर पहले भी ग्रामीणों के द्वारा विधायक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई थी. विधायक राय को निरीक्षण के दौरान सड़क पर गड्ढे मिले. उन्होंने आधे रास्ते में रुक कर ग्रामीणों को बुलाया और प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारी गौस्वामी को कॉल किया. इस तरह ग्रामीणों की समस्या का निराकरण हो गया.

करणी सेना ने ज्ञापन सौंपा, कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज
सीहोर. बीते दिनों हरदा में करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में करणी सैनिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की.

करणी सेना जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान ने बताया कि हरदा जिले में एक वर्ष पूर्व हीरा खरीद से जुड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया था. जिसमें आशीष राजपूत द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी. उन्होंने मोहित एवं उमेश नाम के व्यक्तियों पर गंभीर आरोप लगाए थे. इस शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुइ थी तथा आरोपियों को पुलिस ने गिर तार किया था, परन्तु बाद में उन्हें पर्याप्त कार्यवाही के ही छोड़ दिया गया. जबकि इस मामले में पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ किए जाने की गुहार लगाई थी. बावजूद फरियादी को थाने में अपमानित किया गया तथा पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया. पीड़ित पक्ष को ही गिरफ्तार कर लिया गया.

ज्ञापन के माध्यम से करणी सैनिकों ने बताया कि हरदा में राजपूत छात्रावास पर भी पुलिस द्वारा हमला किया गया. छात्रों पर लाठीचार्ज किए गए. इस बर्बरता का नजारा पूरे देश ने देखा है. छोटी-छोटी बच्चियों से मारपीट की गई. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक है. करणी सैनिकों ने मांग की है कि करणी सेना के जिन निर्दोष लोगों पर मामला दर्ज किया है, उसे वापस लिया जाए. इसके अलावा मामले में दोषी पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए.

विद्यार्थियों ने लहराया परचम, शिवपुरी का बढ़ाया मान

शिवपुरी। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित स्टेनोग्राफर परीक्षा 2024 के हाल ही में घोषित परिणामों में शिवपुरी की कॉन्सेप्ट इंग्लिश स्टेनो अकैडमी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम गौरवान्वित किया है। अकैडमी के संचालक श्याम सिंघल के निर्देशन में प्रशिक्षित छात्रों ने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में आशुलिपिक (स्टेनोग्राफर) के पदों पर सफलता अर्जित की है। संस्थान की विशेषता यह है कि यह शिवपुरी की सबसे पुरानी और विश्वसनीय अंग्रेज़ी स्टेनो प्रशिक्षण संस्था मानी जाती है, जो वर्ष 2016 से लगातार चयन देती आ रही है।